# कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

रेलवे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर – 342001
email-jdanic-jod-rj@nic.in osc&lkbZV jodhpurjda.org Phone No. 0291-2612086/265635-7 Fax 021-2612086


क्रमांक/बैठक/2021/889

दिनांक :: 15 दिसम्बर, 2021

## बैठक कार्यवाही विवरण

प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक श्री कमर चौधरी, आई.ए.एस., आयुक्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर एवं अध्यक्ष, कार्यकारी समिति की अध्यक्षता में दिनांक 15 दिसम्बर, 2021 को सांय 4.00 बजे आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित सदस्य/अधिकारियों का विवरण परिशिष्ट–1 पर उपलब्ध है।

**प्रस्ताव संख्या 1 :: गत बैठक दिनांक 16 नवम्बर 2021 मे लिये गये निर्णयों की पुष्टि।**

गत बैठक दिनांक 16 नवम्बर 2021 का कार्यकारी समिति विवरण जारी किया जाकर सभी को प्रेषित किया जा चुका है। अतः कार्यकारी समिति की गत बैठक 16 नवम्बर 2021 का कार्यवाही विवरण पुष्टि हेतु प्रस्तुत है ।

### निर्णय

**बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से गत बैठक दिनांक 16 नवम्बर, 2021 में लिये गये निर्णयों की पुष्टि करते हुए जारी कार्यवाही विवरण का अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया।**

**प्रस्ताव संख्या 2 :: जलदाय विभाग को उच्च जलाशय हेतु ग्राम चौखा खसरा नं. 827/650 में 725 वर्गमीटर भूमि आवंटन बाबत्।**

| क्र. स. | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में घोषणा | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबधं में अभिशंषा/प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेज/टिप्पणियों के अनुसार कोई तथ्य छुपाया नही गया है। | जलदाय विभाग को उच्च जलाशय हेतु ग्राम चौखा खसरा नं. 827/650 में 725 वर्गमीटर भूमि आवंटन बाबत्। |

अधिशाषी अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग नगर खण्ड तृतीय (उ. वि. एवं राजस्व) जोधपुर द्वारा प्रपत्र स व परिशिष्ट–1 प्रस्तुत कर आर. के. पुरम प्राधिकरण की योजना के पास उच्च जलाशय का निर्माण हेतु 25मी×25मी, 10मी×10मी पम्प रूम हेतु भूमि की मांग की गई है।

पटवारी की रिपोर्ट अनुसार प्रस्तावित भूमि खसरा संख्या 827/650 ग्राम चौखा की भूमि प्राधिकरण के नाम दर्ज है।

कनिष्ठ अभियंता की रिपोर्ट अनुसार ओवर हेड टैंक एवं पम्प रूम का 90 प्रतिशत मौके पर निर्माण कार्य हो चुका है।

आयोजना शाख की रिपोर्ट अनुसार सरकारी व पब्लिक यूटिलीटीज को अनुज्ञेय है। प्राधिकरण की वेबसाईट पर उजर एतराज हेतु अपलोड किया जा चुका है।

पीएचईडी विभाग को उच्च जलाशय हेतु 25मी×25मी व पम्प रूम हेतु 10मी×10मी भूमि राज्य सरकार के पत्र दिनांक 05.07.2021 के द्वारा आवंटन नीति 2015 के बिन्दु संख्या 9.3 में राजकीय विभागो को निर्धारित सीमा तक निशुल्क भूमि का आवंटन स्थानीय स्तर पर किये जाने की शक्तियां दी गई है।

पीएचईडी को उच्च जलाशय हेतु भूमि निशुल्क अथवा सशुल्क आवंटन किये जाने वास्ते प्रकरण कार्यकारी समिति की बैठक में वास्ते निर्णयार्थ हेतु प्रस्तुत हैं।

## निर्णय

**बैठक में विचार विमर्श के दौरान यह तथ्य प्रकट हुआ कि आवंटन नीति – 2015 के अन्तर्गत नगरीय विकास विभाग, राजस्थान के आदेश कमांक न03 (55) नविवि/3/2002 पार्ट दिनांक 5 जुलाई, 2021 द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व अन्य राजकीय विभागों को उनके कार्यालय, इन्फ्रास्ट्रक्चर हेतु 1000 वर्ग मीटर तक निःशुल्क भूमि का आवंटन स्थानीय स्तर पर किये जाने की शक्तियां प्रत्यायोजित की गई है।**

**बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्ताव में वर्णित भूमि निःशुल्क आवंटन करने का निर्णय लिया गया।**

**प्रस्ताव संख्या 3 :: राजकीय प्राथमिक विद्यालय खोजो की ढाणी मोकलावास खसरा नं. 63 में स्कूल एवं खेल मैदान की भूमि आवंटन हेतु।**

| क.स. | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में घोषणा | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबधं में अभिशंषा/प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेज/टिप्पणियों के अनुसार कोई तथ्य छुपाया नही गया है। | राजकीय प्राथमिक विद्यालय खोजो की ढाणी मोकलावास खसरा नं. 63 में स्कूल एवं खेल मैदान की भूमि आवंटन हेतु नियमानुसार आवंटन करने की अभिशंषा की गई है। |

जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय, प्रारंभिक शिक्षा जोधपुर द्वारा नवीन आवंटन नीति 2015 के तहत राजकीय प्राथमिक विद्यालय प्रयोजनार्थ आवंटन करने बाबत् प्रपत्र–स, परिशिष्ट–1 प्रस्तुत किया।

पटवारी की रिपोर्ट अनुसार प्रस्तावित भूमि खसरा नं. 63 जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर के नाम दर्ज है।

विधी शाखा की रिपोर्ट अनुसार उक्त खसरे में कोई वाद लंबित नही है।

आयोजना शाखा की रिपोर्ट अनुसार खसरा नं. 63 का भू–उपयोग एमडीपी–2031 के अनुसार Rural Aera में आरक्षित है। उक्त भूमि पर कोई मास्टर प्लान की सडक नही निकल रही है। एमडीपी–2031 की डीसीआर रूरल एरिया के अनुसार 18 मीटर व अधिक मार्गाधिकार पर प्राइमरी स्कूल, मिडल स्कूल अनुज्ञेय है।

प्राधिकरण की वेबसाईट पर आपत्ति हेतु अपलोड करवाया गया था जिसके संबंध में कोई आपत्ति प्राप्त नही हुई है।

राज्य सरकार के पत्र क्रमांक प.3 (55)नविवि/3/2002 पार्ट जयपुर दिनांक 05 जुलाई 2021 के द्वारा माध्यमिक/उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यालय हेतु सम्भागीय मुख्यालय पर 4000 वर्गमीटर तक तथा अन्य स्थानो पर 6000 वर्गमीटर तक प्राधिकरण स्तर से निशुल्क आवंटन किया जाने के आदेश है।

अतः राजकीय प्राथमिक विद्यालय (खोजो की ढाणी) हेतु 4000 वर्गमीटर (सम्भागीय मुख्यालय) हेतु भूमि निःशुल्क आवंटन किये जाने वास्ते प्रकरण प्राधिकरण की कार्यकारी समिति बैठक में निर्णयार्थ उचित आदेशार्थ प्रस्तुत है।

## निर्णय

**बैठक में विचार विमर्श के दौरान यह तथ्य प्रकट हुआ कि आवंटन नीति – 2015 के अन्तर्गत नगरीय विकास विभाग, राजस्थान के आदेश कमांक न03 (55) नविवि/3/2002 पार्ट दिनांक 5 जुलाई, 2021 द्वारा प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय को संभागीय मुख्यालय पर 2000 वर्ग मीटर तक निःशुल्क भूमि का आवंटन स्थानीय स्तर पर किये जाने की शक्तियां प्रत्यायोजित की गई है।**

**बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्तावानुसार 2000 वर्ग मीटर भूमि निःशुल्क आवंटन करने का निर्णय लिया गया।**

**प्रस्ताव संख्या 04 :: पुलिस थाना राजीव गांधी नगर हेतु खसरा नं. 812 ग्राम केरू रकबा 5 बीघा भूमि के एवज में अन्यत्र स्थान (ग्राम बडली खसरा नं. 05) में आवंटन करने बाबत्।**

| क. स. | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में घोषणा | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबधं में अभिशंषा/प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेज/टिप्पणियों के अनुसार कोई तथ्य छुपाया नही गया है। | पुलिस थाना राजीव गांधी नगर हेतु खसरा नं. 812 ग्राम केरू रकबा 5 बीघा भूमि के एवज में अन्यत्र स्थान (ग्राम बडली खसरा नं. 05) में आवंटन करने बाबत्। |

आवंटन नीति–2015 के प्रावधानो के अनुरूप प्रपत्र–स मय चैक लिस्ट मे आवेदन पेश कर जोधपुर में ग्राम बडली मे खसरा संख्या 05 किस्म गै. मु. छितर पुलिस थाना प्रयोजनार्थ हेतु भूमि आवंटन की मांग की गई है।

पटवारी की रिपोर्ट अनुसार खसरा संख्या 05 ग्राम बडली किस्म गै. मु. छितर जोधपुर विकास प्राधिकरण के नाम दर्ज है।

अवाप्ति शाखा की रिपोर्ट अनुसार खसरा संख्या 05 भूमि की कोई पत्रावली अवाप्ति शाखा में विचाराधीन नही है।

आयोजना शाखा की रिपोर्ट अनुसार MDP-2031 According to the DCR Factival city/Tourist facilities in government/Public utilities are allowed on all roads after approval from comptent authority.

विधी शाखा की रिपोर्ट अनुसार खसरा संख्या 05 ग्राम बडली के संबंधित वाद लंबित है।

आपत्ति/अनापत्ति हेतु प्राधिकरण की वेबसाईट पर ऑनलाईन अपलोड करवा दिया गया जिसके संबंधित कोई उजर एतराज/आपत्ति प्राप्त नही हुई है।

राज्य सरकार के पत्र कमांक प.1(25)नविवि/जोधपुर/2015 दिनांक 01.05.2018 को स्वीकृति प्रदान की गई जिसकी पालना में दिनांक 09.06.2019 को पट्टा विलेख जारी किया गया उसके एवज में अन्यत्र स्थान पर भूमि ग्राम बडली खसरा नं. 05 में 4000 वर्गमीटर आवंटन करने हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति की बैठक में विचारार्थ एवं निर्णयार्थ हेतु प्रस्तुत है।

## निर्णय

**बैठक में विचार विमर्श के दौरान यह तथ्य प्रकट हुआ कि आवंटन नीति – 2015 के अन्तर्गत नगरीय विकास विभाग, राजस्थान के आदेश कमांक न03 (55) नविवि/3/2002 पार्ट दिनांक 5 जुलाई, 2021 द्वारा पुलिस थाना को 2000 वर्ग मीटर तक निःशुल्क भूमि का आवंटन स्थानीय स्तर पर किये जाने की शक्तियां प्रत्यायोजित की गई है।**

**बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से प्रस्तावानुसार पुलिस थाना राजीव गांधी नगर को पूर्व में आवंटित खसरा संख्या 812 ग्राम कैरू रकबा 5 बीघा का आवंटन/लीज डीड निरस्त करते हुए इस भूमि के एवज में ग्राम बडली खसरा संख्या 5 में 2000 वर्ग मीटर भूमि आवंटन करने का निर्णय लिया गया।**

**प्रस्ताव संख्या 05 :: पशु चिकित्सालय एवं उपकेंद्र हेतु ग्राम नारनाडी में भूमि आवंटन बाबत्।**

| क्र. स. | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में घोषणा | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबधं में अभिशंषा/प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेज/टिप्पणियों के अनुसार कोई तथ्य छुपाया नही गया है। | पशु चिकित्सालय एवं उपकेंद्र हेतु ग्राम नारनाडी में भूमि आवंटन के संबंध में नियमानुसार भूमि आवंटन करने की अभिशंषा की गई है। |

उपनिदेशक पशुधन विकास कार्यालय पशुपालन विभाग जोधपुर द्वारा नवीन आवंटन नीति 2015 के तहत ग्राम नारनाडी में पशु चिकित्सा हेतु आवंटन करने बाबत् प्रपत्र–स, परिशिष्ट–1 प्रस्तुत किया।

कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक 20.02.2020 के प्रस्ताव सं. 30 में निर्णयानुसार ग्राम नारनाडी के खसरा नं. 314 में पशु चिकित्सालय एवं उपकेंद्र हेतु 1000 वर्गमीटर भूमि कीमतन आवंटन करने का निर्णय लिया गया था।

उप निदेशक पशुधन विकास, कार्यालय संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग को उक्त भूमि की राशि जमा कराने हेतु पत्र कमांक 152–153 दिनांक 31.07.2020 को रूपये कुल 20,90,880/– रू का जमा कराने का पत्र जारी किया जा चुका है। राशि जमा नही कराई गई

नगरीय विकास विभाग आदेश पत्र कमांक प.3(55)नविवि/3/2002 दिनांक 30.06.2021 आवंटन नीति 2015 संशोधन किया गया उसके अनुसार राजकीय विभागो को भूमि निःशुल्क आवंटन स्थानीय स्तर पर की जा सकेगी।

नगरीय विकास विभाग जयपुर के पत्र कमांक प.3(55)नविवि/3/2002 पार्ट 2 जयपुर दिनांक 05.06.2021 के द्वारा राजकीय विभागो को निर्धारित सीमा तक निशुल्क भूमि आवंटन स्थानीय स्तर पर किये जाने की शक्तिया प्रत्यायोजित की गई है।

पशु चिकित्सा एवं उपकेंद्र हेतु 1000 वर्गमीटर भूमि निशुल्क आवंटन किया जाने वास्ते प्रकरण कार्यकारी समिति की बैठक में विचारार्थ एवं निर्णयार्थ हेतु प्रस्तुत है।

**निर्णय**

**बैठक में विचार विमर्श के दौरान यह तथ्य प्रकट हुआ कि आवंटन नीति – 2015 के अन्तर्गत नगरीय विकास विभाग, राजस्थान के आदेश कमांक न03 (55) नविवि/3/2002 पार्ट दिनांक 5 जुलाई, 2021 द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व अन्य राजकीय विभागों को उनके कार्यालय, इन्फ्रास्ट्रक्चर हेतु 1000 वर्ग मीटर तक निःशुल्क भूमि का आवंटन स्थानीय स्तर पर किये जाने की शक्तियां प्रत्यायोजित की गई है।**

**बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्तावानुसार 1000 वर्ग मीटर भूमि पशु चिकित्सालय एवं उपकेन्द्र, नारनाडी हेतु निःशुल्क आवंटन करने का निर्णय लिया गया।**

**प्रस्ताव संख्या 06 :: मदरसा जामिया अबूबकर सिद्दीक संस्थान ग्राम मोकलावास खसरा संख्या 250 में भूमि आवंटन के संबंध में।**

| क. स. | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में घोषणा | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबधं में अभिशंषा/प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेज/टिप्पणियों के अनुसार कोई तथ्य छुपाया नही गया है। | मदरसा जामिया अबूबकर सिद्दीक संस्थान ग्राम मोकलावास खसरा संख्या 250 में भूमि आवंटन के संबंध में नियमानुसार आवंटन करने की अभिशंषा की गई है। |

मदरसा जामिया अबूबकर सिद्दीक संस्थान द्वारा आवंटन नीति 2015 के तहत प्रपत्र–अ व परिशिष्ट–1 प्रस्तुत कर खसरा संख्या 250 ग्राम मोकलावास में शैक्षणिक प्रयोजनार्थ 34 बीघा 06 बिस्वा भूमि आवंटन की मांग की है।

पटवारी की रिपोर्ट अनुसार खसरा सं. 250 ग्राम मोकलावास में कमरे व 2 हॉल इत्यादि का निर्माण किया हुआ है।

विधी शाखा की रिपोर्ट अनुसार उक्त खसरे में कोई वाद लंबित नही है।

आयोजना शाखा की रिपोर्ट अनुसार 18 मीटर व अधिक रोड पर शैक्षणिक अनुज्ञेय बताया है।

प्राधिकरण की वेबसाईट पर आपत्ति हेतु अपलोड करवाया गया था जिसके संबंध में कोई आपत्ति प्राप्त नही हुई है।

राज्य सरकार के पत्र क्रमांक प.3 (55)नविवि/3/2002 पार्ट जयपुर दिनांक 05 जुलाई 2021 के द्वारा माध्यमिक/उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यालय हेतु सम्भागीय मुख्यालय पर 4000 वर्गमीटर तक तथा अन्य स्थानो पर 6000 वर्गमीटर तक प्राधिकरण स्तर से राजकीय विभागो को निशुल्क आवंटन किया जा सकता है।

मदरसा जामिया अबूबकर सिद्दीक के सचिव द्वारा माध्यमिक विद्यालय एवं प्रस्तावित बालिका विद्यालय, इंग्लिश मीडियम विद्यालय, बालक–बालिकाओ हेतु छात्रावास, सामुहिक खेल मैदान हेतु 34 बीघा 06 बिस्वा भूमि आवंटित करवाने के लिए राज्य सरकार की निर्धारित रियायती दर से करवाने का निवेदन किया है।

प्रकरण वास्ते निर्णय हेतु प्राधिकरण की कार्यकारी समिति बैठक में कीमतन आवंटन किया जाने वास्ते निर्णयार्थ उचित आदेशार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय**

**बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से प्रस्ताव का विस्तृत परीक्षण कर आगामी बैठक में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।**

**प्रस्ताव संख्या 07 :: श्री मोहम्मद इकबाल कुरेशी न्यु बकरा मंडी चौखा में भूखण्ड सं. 108 के आवंटन बाबत्।**

| क.स. | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में घोषणा | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबधं में अभिशंषा/प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेज/टिप्पणियों के अनुसार कोई तथ्य छुपाया नही गया है। | श्री मोहम्मद इकबाल कुरेशी न्यु बकरा मंडी चौखा में भूखण्ड सं. 108 के आवंटन के संबंध में नियमानुसार आवंटन करने की अभिशंषा की गई है। |

प्रकरण पूर्व में प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक में दिनांक 25.10.2021 को विचारार्थ एवं निर्णयार्थ रखा गया था जिसके प्रस्ताव संख्या 04 के निर्णयानुसार आवंटी को पूर्व में आवंटित भूखण्ड में होकर गुजरने वाली पाईप लाईन का क्षेत्र छोडने के पश्चात कितना एरिया खाली बचता है, इस संबंधी रिपोर्ट संबंधित उपायुक्त पत्रावली में प्राप्त करने के पश्चात गुणावगुण के आधार पर उपरोक्त प्रस्ताव अनुसार भूखण्ड का आवंटन करने एवं आवंटन के संबंध में की गई कार्यवाही का अनुमोदन आगामी कार्यकारी समिति की बैठक में करवाने का निर्णय लिया गया था।

उक्त प्रकरण में प्रार्थी द्वारा लिखित में सहमति दी गई कि इसी योजना में भूखण्ड संख्या 108 मौके पर जैसा उपलब्ध है उसी नाप में प्रार्थी लेने के लिए सहमत है।

अतः प्रकरण कार्यकारी समिति की बैठक में विचारार्थ एवं निर्णयार्थ हेतु प्रस्तुत है।

**निर्णय**

**बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्तावानुसार प्रार्थी को भूखण्ड संख्या 108 मौके पर जिस क्षैत्रफल/माप का उपलब्ध है, उसी अनुसार आवंटित करने का निर्णय लिया गया।**

**प्रस्ताव संख्या 08 :: जोन – पश्चिम में भवन निर्माण सामग्री मार्केट, अप्रवासी भारतीयों के लिए आवासीय योजना, कलाकारों हेतु आवासीय योजना के भूखण्डों का आवंटन लोटरी/निलामी द्वारा किया जाने तथा कॉलोनियों का नामकरण बाबत्।**

| क्र. सं. | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के सम्बन्ध में घोषणा | प्रभारी अधिकारी के एजेण्डा के सम्बन्ध में अभिशंषा/प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1 | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजों एवं टिप्पणीयों के अनुसार कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। | जोन– पश्चिम में नवीन योजना अनुमोदन हेतु। |

1. <u>भवन निर्माण सामग्री मार्केट</u> :–

भवन निर्माण सामग्री के व्यवसाय को उत्कृष्ट आयाम देने वाली जोधपुर विकास प्राधिकरण की योजना ग्राम चौखा के खसरा संख्या 706, 707 में (कुल रकबा 38.09 बीघा) तैयार की गई है। इस योजना में आधुनिकता के साथ सामन्जस्य करते हुए पार्किंग, वृक्षारोपण, सामुदायिक सुविधाएँ आदि का समावेश किया गया है।

1. भवन निर्माण सामग्री मार्केट रेल्वे स्टेशन से 13 कि.मी. व डाली बाई चौराहे से 2.5 किमी दूर गंगाणा रोड पर है।

2. इस योजना में कुल 164 भूखण्ड है।

| क्र.सं. | साईज | संख्या |
|---|---|---|
| 1. | 15 X 30 | 54 |
| 2. | 20X50 | 57 |
| 3. | 40X50 | 19 |
| 4. | 50X50 | 5 |
| 5. | कोर्नर शोप्स | 29 |

3. स्कीम का क्षेत्र 52228.41 वर्गमीटर है। जिसमें

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | दुकाने | 19998.23 व.मी. | 38.5 % |
| 2. | वृक्षारोपण | 10354.49 व.मी. | 19.82% |
| 3. | सामुदायिक सुविधाएँ | 2538.46 व.मी. | 5% |
| 4. | सड़क | 13969.76 व.मी. | 26.7% |
| 5. | पार्किंग | 5367.50 व.मी. | 10 % |

इस योजना में महानगर का रूप ले चुके जोधपुर शहर का करीब आधा भाग लाभावित होगा।

## 2. अप्रवासी भारतीयों के लिए आवासीय योजना :–

अप्रवासी भारतीयों को अपनी मातृभूमि से भावनात्मक रूप से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण योजना ग्राम चौखा के खसरा संख्या 72, 82 में स्थित हैं यह योजना जोधुर रेल्वे स्टेशन से 13 किमी दूर है। अपनी भव्यता के साथ साकार होने वाली इस योजना की सड़के 12 मीटर से 48 मीटर तक चौडी होगी। इस योजना में बडे–बडे पार्क तथा आधुनिकतम सामुदायिक सुविधाओं का समावेश किया गया है। यह योजना रामराज नगर, दन्तोपंत ढेगडी नगर समीप हैं।

1. इस योजना का स्कीम क्षैत्र 301254.85 वर्गमीटर है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आवासीय | 128574.86 व.मी. | 42.68% |
| 2. | वाणिज्यिक | 17079.94 व.मी. | 5.67% |
| 3. | इनफोरमल | 1502.92 व.मी. | 0.50% |
| 4. | पार्क | 30710.90 व.मी. | 10.19% |
| 5. | स्कूल | 3383.77 व.मी. | 1.12% |
| 6. | अस्पताल | 385.77 व.मी. | 1.12% |
| 7. | अन्य सुविधा | 24663.48 व.मी. | 8.19% |
| 8. | सड़क | 91953.89 व.मी. | 30.52% |

2. इस योजना में कुल 502 भूखण्ड है।

| क्र.सं. | साईज | अनियमित आकार | सामान्य | कोर्नर | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 30x60 | 4 | 108 | 8 | 120 |
| 2. | 30x60 | 51 | 0 | 2 | 3 |
| 3. | 40x70 | 3 | 139 | 25 | 167 |
| 4. | 50x90 | 1 | 94 | 19 | 114 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 5. | 50x95 | 0 | 3 | 4 | 7 |
| 6. | 60x120 | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | | वाणिज्यिक | | | |
| 7. | 50x100 | 1 | 35 | 2 | 38 |

## 3. कलाकार हेतु आवासीय कॉलोनी :—

राजस्थान अपने अतीत में गौरवशाली सास्कृतिक विरासत को समेटे हुए है इस सांस्कृकि विरासत को समृद्ध बनाने में यहां की पराम्परागत कलाकार जातियों— मिरासी, लंगा, कालबेलिया, ढाढी, रावल, भोपा, मांगनियार, गाडिया लौहार आदि का अमूल्य योगदान रहा है। इन जातियों को एक स्थान पर बसा कर राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को समृद्धि बढाने में यह योजना मील का पत्थर साबित होगी ।

1. यह योजना ग्राम चौखा के खसरा नं. 28 में स्थित है इसकी रेल्वे स्टैशन से दूरी करीब 20 कि. मी. है। यह योजना राजीव गांधी नगर योजना व विनोबा भावे नगर के समीप है।

2. इस योजना का क्षैत्र 323862.72 वर्गमीटर है।

3. इस योजना में कुल 1818 आवासीय भूखण्ड है तथा 128 व्यवसायिक भूखण्ड है ।

| क.सं. | साईज | सामान्य भूखण्ड | कॉर्नर भूखण्ड | कुल |
|---|---|---|---|---|
| TYPE A | 15 X 30 | 768 | 128 | 896 |
| TYPE B | 20X50 | 696 | 90 | 786 |
| TYPE C | 25X50 | 76 | 08 | 84 |
| वाणिज्यिक | 40X70 | 44 | 08 | 52 |
| | | कुल भूखण्ड | | 1818 |
| | | Informal Shop - 10X10 | | 128 |

4. स्कीम का क्षैत्र 323812.72 वर्गमीटर है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आवासीय | 124084.75 | 38.31 % |
| 2. | वाणिज्यिक | 19069.54 | 5.89 % |
| 3. | सुविधाएँ | 32674.89 | 10.09% |
| 4. | पार्क | 32978.62 | 10.18% |
| 5. | रोड | 115054.92 | 35.53 % |

उपरोक्त कॉलोनियों का ले—आउट प्लान कमेटी की बैठक दिनांक 26.11.2021 के द्वारा ले—आउट प्लान स्वीकृत किया जा चूका है।

1. भवन निर्माण सामग्री मार्केट खसरा संख्या 706, 707 ग्राम चौखा में स्थित है
2. 2. अप्रवासी भारतीयों के लिए आवासीय योजना, खसरा संख्या 72 व 82 ग्राम चौखा में स्थित है।

3. कलाकारों हेतु आवासीय कॉलोनी खसरा संख्या 28 ग्राम चौखा में स्थित है।

उक्त कॉलोनियों के भूखण्डों का आवंटन लोटरी/निलामी द्वारा किया जाने तथा कॉलोनियों का उपरोक्तानुसार नामकरण हेतु सक्षम स्वीकृति प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक में उचित निर्णयार्थ हेतु प्रस्तुत है।

### निर्णय

**बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्तावानुसार तीनों योजनाओं को स्वीकृत करने/लांच करने/विकसित करने का निर्णय लिया गया।**

**प्रस्ताव संख्या 09 :: श्री हस्तीमल आर्य पुत्र श्री मोहनलाल आर्य भूखण्ड संख्या 224 सेक्टर–ए राजीव गांधी नगर योजना ग्राम चौखा के बदले अन्य भूखण्ड आवंटन करने के बाबत्**

| क्र.सं. | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के सम्बन्ध में घोषणा | प्रभारी अधिकारी के एजेण्डा के सम्बन्ध में अभिशंषा / प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 01. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजों एवम् टिप्पणीयों के अनुसार कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है । JDA/FTS/44069 | भूखण्ड के बदले अन्य अन्य भूखण्ड आवंटन करने की सक्षम की सक्षम स्वीकृति हेतु । |

प्रार्थी श्री हस्तीमल आर्य पुत्र श्री मोहनलाल आर्य कार्यालय द्वारा दिनांक 15.02.2010 को लॉटरी क जरिये भूखण्ड संख्या 224 सेक्टर–ए, राजीव गांधी नगर योजना में क्षैत्रफल 275 वर्गमीटर का भूखण्ड आवंटित किया गया । उक्त भूखण्ड की लीजडीड दिनांक 13.6.2010 को कार्यालय द्वारा जारी की गई। प्रार्थी द्वारा दिनांक 12.08.2021 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड पर जाने का रास्त तक नहीं है । पत्थरीले पहाड व झाडिया होने के कारण अन्य भूखण्ड आवंटित करने की मांग की है । कनिष्ठ अभियन्ता की मौका रिपोर्ट अनुसार उक्त भूखण्ड मौके पर ब्लॉक में भूखण्ड संख्या 188 से 227 के मुटाम नहीं है एवं ब्लॉक तक पहुचने का मार्ग उपलब्ध नहीं होने के कारण प्रार्थी को अन्य भूखण्ड आवंटित करने के प्रार्थना पत्र के आधार पर प्रार्थी को समान आकार समान सडक के अन्य भूखण्ड का मौका दिखाए जाने पर प्रार्थी द्वारा भूखण्ड संख्या 100 सेक्टर–ए राजीव गांधी नगर योजना क्षैत्रफल 275 वर्गमीटर आवंटित करने के लिए अपनी सहमति प्रस्तुत की गई ।

प्रार्थी को भूखण्ड संख्या 224 सेक्टर–ए, राजीव गांधी नगर योजना के बदले भूखण्ड संख्या 100 सेक्टर–ए क्षैत्रफल 275 वर्गमीटर का आवंटन करने हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति की बैठक के समक्ष अन्य भूखण्ड आवंटित करने हेतु विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है ।

### निर्णय

**बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्तावानुसार प्रार्थी को भूखण्ड संख्या 100 सेक्टर–ए क्षैत्रफल 275 वर्गमीटर का आवंटन करने का निर्णय लिया गया।**

**प्रस्ताव संख्या 10 :: श्रीमति राजकुमारी जैन पत्नी श्री किशनलाल जैन भूखण्ड संख्या 406 सेक्टर–ए राजीव गांधी नगर योजना ग्राम चौखा के बदले अन्य भूखण्ड आवंटन करने के बाबत**

| क्र.सं. | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के सम्बन्ध में घोषणा | प्रभारी अधिकारी के एजेण्डा के सम्बन्ध में अभिशंषा / प्रस्ताव |
|---|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजों एवम् टिप्पणीयों के अनुसार कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है । JDA/FTS/45882 | भूखण्ड के बदले अन्य अन्य भूखण्ड आवंटन करने की सक्षम की सक्षम स्वीकृति हेतु । |

प्रार्थीनी श्रीमति राजकुमारी जैन पत्नी श्री किसनलाल जैन को कार्यालय दिनांक 15.02.2010 को लॉटरी क जरिये भूखण्ड संख्या 406 सेक्टर–ए, राजीव गांधी नगर योजना में क्षैत्रफल 275 वर्गमीटर का भूखण्ड आवंटित किया गया । उक्त भूखण्ड की लीजडीड दिनांक 10.06.2011 को कार्यालय द्वारा जारी की गई। प्रार्थीनी द्वारा दिनांक 18.10.2021 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड पर जाने का रास्त तक नहीं है। पत्थरीले पहाड व झाडिया होने के कारण अन्य भूखण्ड आवंटित करने की मांग की है । कनिष्ठ अभियन्ता की रिपोर्ट अनुसार उक्त मौके पर पहुचने का मार्ग नहीं होने एवं पहाडी पर होने के कारण प्रार्थीनी को अन्य भूखण्ड आवंटित करने के प्रार्थना पत्र के आधार पर प्रार्थीनी को समान आकार समान सडक के अन्य भूखण्ड का मौका दिखाए जाने पर प्राथीर्नी द्वारा भूखण्ड संख्या 45 सेक्टर–बी राजीव गांधी नगर योजना क्षैत्रफल 275 वर्गमीटर आवंटित करने के लिए अपनी सहमति प्रस्तुत की गई ।

प्रार्थीनी को भूखण्ड संख्या 406 सेक्टर–ए, राजीव गांधी नगर योजना के बदले भूखण्ड संख्या 45 सेक्टर–बी क्षैत्रफल 275 वर्गमीटर का आवंटन करने हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति की बैठक के समक्ष अन्य भूखण्ड आवंटित करने हेतु विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है ।

**निर्णय**

**बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्तावानुसार प्रार्थीया को भूखण्ड संख्या 45 सेक्टर–बी क्षैत्रफल 275 वर्ग मीटर का आवंटित करने का निर्णय लिया गया।**

**प्रस्ताव संख्या 11 :: श्री लक्ष्मण सिंह पुत्र श्री सवाई सिंह भूखण्ड संख्या 391 सेक्टर–ए राजीव गांधी नगर योजना ग्राम चौखा के बदले अन्य भूखण्ड आवंटन करने के बाबत्**

| क्र.सं. | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के सम्बन्ध में घोषणा | प्रभारी अधिकारी के एजेण्डा के सम्बन्ध में अभिशंषा / प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजों एवम् टिप्पणीयों के अनुसार कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है । JDA/FTS/45742 | भूखण्ड के बदले अन्य अन्य भूखण्ड आवंटन करने की सक्षम की सक्षम स्वीकृति हेतु । |

प्रार्थी श्री लक्ष्मण सिंह पुत्र श्री सवाई सिंह को कार्यालय दिनांक 15.02.2010 को लॉटरी के जरिये भूखण्ड संख्या 391 सेक्टर–ए, राजीव गांधी नगर योजना में क्षैत्रफल 162 वर्गमीटर का भूखण्ड आवंटित किया गया। उक्त भूखण्ड की लीजडीड दिनांक 23.05.2012 को कार्यालय द्वारा जारी की गई। प्रार्थी द्वारा दिनांक 14.09.2021 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड पर जाने का रास्त तक नहीं है। पत्थरीले पहाड व झाडिया होने के कारण अन्य भूखण्ड आवंटित करने की मांग की है । पैरा नं. 48 में कनिष्ठ अभियन्ता की रिपोर्ट अनुसार उक्त मौके पर पहुचने का मार्ग नहीं होने एवं पहाडी पर होने के कारण प्रार्थी को अन्य भूखण्ड आवंटित करने के प्रार्थना पत्र के आधार पर प्रार्थी को समान आकार समान सडक के अन्य भूखण्ड का मौका दिखाए जाने पर प्रार्थी द्वारा भूखण्ड संख्या 49 सेक्टर–ए राजीव गांधी नगर योजना क्षैत्रफल 252 वर्गमीटर आवंटित करने के लिए अपनी सहमति प्रस्तुत की गई । प्रार्थी द्वारा आवंटित भूखण्ड से 90 वर्गमीटर अधिक क्षैत्रफल का भूखण्ड आवंटित करने की सहमति प्रस्तुत की है ।

प्रार्थी को भूखण्ड संख्या 391 सेक्टर–ए, राजीव गांधी नगर योजना के बदले भूखण्ड संख्या 49 सेक्टर–ए क्षैत्रफल 252 वर्गमीटर का आवंटन करने हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति की बैठक के समक्ष अन्य भूखण्ड आवंटित करने हेतु विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है ।

## निर्णय

**बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्तावानुसार प्रार्थी को भूखण्ड संख्या 49 सेक्टर–ए क्षैत्रफल 252 वर्गमीटर का आवंटन करने का निर्णय लिया गया।**

**प्रस्त्रव संख्या 12 :: श्री संदीप माहेश्वरी पुत्र श्री हरी माहेश्वरी भूखण्ड संख्या 332 सेक्टर–ए राजीव गांधी नगर योजना ग्राम चौखा के बदले अन्य भूखण्ड आवंटन करने के बाबत् ।**

| क्र.सं. | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के सम्बन्ध में घोषणा | प्रभारी अधिकारी के एजेण्डा के सम्बन्ध में अभिशंषा / प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजों एवम् टिप्पणीयों के अनुसार कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है । JDA/FTS/33076 | भूखण्ड के बदले अन्य अन्य भूखण्ड आवंटन करने की सक्षम की सक्षम स्वीकृति हेतु । |

प्रार्थी श्री संदीप माहेश्वरी पुत्र श्री हरी माहेश्वरी को भूखण्ड संख्या 332 सेक्टर–ए, राजीव गांधी नगर योजना में क्षैत्रफल 275 वर्गमीटर का भूखण्ड आवंटित किया गया । प्रार्थी द्वारा उक्त भूखण्ड की लीजडीड जारी करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया लीजडीड जारी करने की कार्यवाही में कनिष्ठ अभियान्ता से मौका रिपोर्ट मंगवाई गई । पैरा नं. 42 में कनिष्ठ अभियन्ता की रिपोर्ट अनुसार उक्त मौके पर पहुचने का मार्ग नहीं होने एवं पहाडी पर होने के कारण प्रार्थी को अन्य भूखण्ड आवंटित करने के प्रार्थना पत्र के आधार पर प्रार्थी को समान आकार समान सडक के अन्य भूखण्ड का मौका दिखाए जाने पर प्रार्थी द्वारा भूखण्ड संख्या 69 सेक्टर–ई राजीव गांधी नगर योजना क्षैत्रफल 252 वर्गमीटर आवंटित करने के लिए अपनी सहमति प्रस्तुत की गई । प्रार्थी को भूखण्ड संख्या 332 सेक्टर–ए, राजीव गांधी नगर योजना के बदले भूखण्ड संख्या 69 सेक्टर–ई क्षैत्रफल 252 वर्गमीटर का आवंटन करने हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति की बैठक के समक्ष अन्य भूखण्ड आवंटित करने हेतु विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है ।

## निर्णय

**बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्तावानुसार प्रार्थी को भूखण्ड संख्या 69 सेक्टर–ई क्षैत्रफल 252 वर्गमीटर का आवंटन करने का निर्णय लिया गया।**

**प्रस्ताव संख्या 13 :: श्री देवकिशन गोयल पुत्र श्री हनुमान प्रसाद अग्रवाल भूखण्ड संख्या 281 सेक्टर–ए राजीव गांधी नगर योजना ग्राम चौखा के बदले अन्य भूखण्ड आवंटन करने के बाबत**

| क्र.सं. | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के सम्बन्ध में घोषणा | प्रभारी अधिकारी के एजेण्डा के सम्बन्ध में अभिशंषा / प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजों एवम् टिप्पणीयों के अनुसार कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। JDA/FTS/46809 | भूखण्ड के बदले अन्य भूखण्ड आवंटन करने की सक्षम स्वीकृति हेतु । |

प्रार्थीनी श्री देवकिशन गोयल पुत्र श्री हनुमान प्रसाद अग्रवाल को कार्यालय दिनांक 15.02.2010 को लॉटरी क जरिये भूखण्ड संख्या 281 सेक्टर–ए, राजीव गांधी नगर योजना में क्षैत्रफल 275 वर्गमीटर का भूखण्ड आवंटित किया गया । उक्त भूखण्ड की लीजडीड दिनांक 05.09.2011 को कार्यालय द्वारा जारी की गई। प्रार्थीनी द्वारा दिनांक 17.11.2021 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड पर जाने का रास्त तक

नहीं है। पत्थरीले पहाड व झाडिया होने के कारण अन्य भूखण्ड आवंटित करने की मांग की है । कनिष्ठ अभियन्ता की रिपोर्ट अनुसार उक्त मौके पर पहुचने का मार्ग नहीं होने एवं पहाडी पर होने के कारण प्रार्थीनी को अन्य भूखण्ड आवंटित करने के प्रार्थना पत्र के आधार पर प्रार्थीनी को समान आकार समान सडक के अन्य भूखण्ड का मौका दिखाए जाने पर प्राथीर्नी द्वारा भूखण्ड संख्या 49 सेक्टर–ए राजीव गांधी नगर योजना क्षैत्रफल 252 वर्गमीटर आवंटित करने के लिए अपनी सहमति प्रस्तुत की गई।

प्रार्थीनी को भूखण्ड संख्या 281 सेक्टर–ए, राजीव गांधी नगर योजना के बदले भूखण्ड संख्या 49 सेक्टर–एफ क्षैत्रफल 252 वर्गमीटर का आवंटन करने हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति की बैठक के समक्ष अन्य भूखण्ड आवंटित करने हेतु विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है ।

**निर्णय**

**बैठक में विचार विमर्श के दौरान यह तथ्य प्रकट हुआ कि उपरोक्त प्रस्ताव में सहवन से भूखण्ड संख्या 49 सेक्टर एफ टंकित हुआ जो गलत है तथा उक्त भूखण्ड संख्या 49 इसी बैठक में प्रस्ताव संख्या 11 द्वारा आवंटित किया जा चुका है। अतः बैठक में उपस्थित उपायुक्त–पश्चिम ने आवेदक को भूखण्ड संख्या 59 सेक्टर ए जो कि मौके पर रिक्त है तथा किसी अन्य को आवंटित नहीं है, आवंटित किये जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। अतः बैठक बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से प्रार्थी को भूखण्ड संख्या 59 सेक्टर–ए क्षैत्रफल 252 वर्गमीटर का आवंटन करने का निर्णय लिया गया।**

**प्रस्ताव संख्या 14 :: श्रीमति कौशल्या खत्री पत्नी श्री रमेश कुमार भूखण्ड संख्या 411सेक्टर–ए राजीव गांधी नगर योजना ग्राम चौखा के बदले अन्य भूखण्ड आवंटन करने के बाबत्**

| क्र.सं. | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के सम्बन्ध में घोषणा | प्रभारी अधिकारी के एजेण्डा के सम्बन्ध में अभिशंषा / प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजों एवम् टिप्पणीयों के अनुसार कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। JDA/FTS/45935 | भूखण्ड के बदले अन्य अन्य भूखण्ड आवंटन करने की सक्षम की सक्षम स्वीकृति हेतु । |

प्रार्थीनी श्रीमति कौशल्या खत्री पत्नी श्री रमेश कुमार को कार्यालय दिनांक 15.02.2010 को लॉटरी के जरिये भूखण्ड संख्या 411 सेक्टर–ए, राजीव गांधी नगर योजना में क्षैत्रफल 275 वर्गमीटर का भूखण्ड आवंटित किया गया । उक्त भूखण्ड की लीजडीड दिनांक 08.05.2010 को कार्यालय द्वारा जारी की गई। प्रार्थी द्वारा दिनांक 20.09.2021 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड पर जाने का रास्त तक नहीं है। पत्थरीले पहाड व झाडिया होने के कारण अन्य भूखण्ड आवंटित करने की मांग की है। कनिष्ठ अभियन्ता की रिपोर्ट अनुसार उक्त मौके पर पहुचने का मार्ग नहीं होने एवं पहाडी पर होने के कारण प्रार्थी को अन्य भूखण्ड आवंटित करने के प्रार्थना पत्र के आधार पर प्रार्थी को समान आकार समान सडक के अन्य भूखण्ड का मौका दिखाए जाने पर प्रार्थी द्वारा भूखण्ड संख्या 45 सेक्टर–बी राजीव गांधी नगर योजना क्षैत्रफल 275 वर्गमीटर आवंटित करने के लिए अपनी सहमति प्रस्तुत की गई । प्रार्थी को भूखण्ड संख्या 411 सेक्टर–ए, राजीव गांधी नगर योजना के बदले भूखण्ड संख्या 45 सेक्टर–बी क्षैत्रफल 275 वर्गमीटर का आवंटन करने हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति की बैठक के समक्ष अन्य भूखण्ड आवंटित करने हेतु विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है ।

**निर्णय**

**बैठक में विचार विमर्श के दौरान यह तथ्य प्रकट हुआ कि उपरोक्त प्रस्ताव में सहवन से भूखण्ड संख्या 45 सेक्टर बी टंकित हुआ जो गलत है तथा उक्त भूखण्ड संख्या 45 इसी बैठक में प्रस्ताव संख्या 10 द्वारा आवंटित किया जा चुका है। अतः बैठक में उपस्थित उपायुक्त–पश्चिम ने आवेदक को भूखण्ड संख्या 52 सेक्टर बी जो कि मौके पर रिक्त है तथा किसी अन्य को आवंटित नहीं**

है, आवंटित किये जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। अतः बैठक बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से प्रार्थी को भूखण्ड संख्या 52 सेक्टर–बी क्षेत्रफल 275 वर्गमीटर का आवंटन करने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 15 :: श्री अन्नाराम पुत्र श्री रूपाराम भूखण्ड संख्या 109 (20 X 45 बनाप 100 वर्गगज) सेक्टर–बी, कीर्ति नगर योजना के बदले अन्य भूखण्ड आवंटन करने बाबत।**

| क्र. स. | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डों के संबंध में घोषणा | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में अभिशंषा/प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1 | अन्यत्र भूखण्ड आवंटन के संबंध मे। | श्री अन्नाराम पुत्र श्री रूपाराम भूखण्ड संख्या 109 (20 X 45 बनाप 100 वर्गगज) सेक्टर–बी, कीर्ति नगर योजना के बदले अन्य भूखण्ड आवंटन करने बाबत। |

नगर विकास न्यास/ जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर द्वारा दिनांक 11.9.1988 को भूखण्ड संख्या 109 सेक्टर बी कीर्ति नगर योजना में श्री अन्नाराम पुत्र श्री रूपाराम को आंवटन किया गया। प्राधिकरण की बैठक दिनांक 21.10.2010 के प्रस्ताव संख्या 12 में कीति नगर योजना सेक्टर बी में आवंटित भूखण्डो पर अतिक्रमण होने से आवंटित भूखण्ड की एवंज में सुन्दर सिंह भण्डारी नगर आवासीय योजना में लॉटरी द्वारा भूखण्ड आवंटन करने का निर्णय लिया गया है। श्री अन्नाराम पुत्र श्री रूपाराम को कीति नगर सेक्टर बी में आवंटित भूखण्ड संख्या 109 सेक्टर बी की मूल पत्रावली उपलब्ध नही होने से लॉटरी में शामिल नही किया गया है। श्री अन्नाराम पुत्र श्री रूपाराम ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 109 सेक्टर बी की एवज में अन्य भूखण्ड आवंटन करने की मांग की है। तत्कालीन नगर सुधार न्यास जोधपुर के भूखण्ड संख्या बी–109 कीति नगर योजना की डुप्लीकेट पत्रावली बनवाकर अन्य भूखण्ड आवंटन करने संबंधी अग्रिम कार्यवाही की जाना प्रस्तावित है। इस संबंध में आम सूचना 27.10.2021 को जारी की गई थी। आम सूचना का प्रकाशन दिनांक 28.10.2021 को करवाया गया था। इस संबंध में कोई आपत्ति एवं उजर/एतराज प्राप्त नही हुई है। प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सुन्दर सिंह भण्डारी नगर आवासीय योजना में भूखण्ड आवंटन की मांग की है। इस हेतु कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक 17.4.2009 के अनुसार प्रस्ताव संख्या 9 में डुप्लीकेट पत्रावली संधारित की जानी है।

अतः भूखण्ड संख्या 109 (20 X 45 बनाप 100 वर्गगज) सेक्टर–बी, कीर्ति नगर योजना की एवंज में अन्य भूखण्ड सुन्दर सिंह भण्डारी नगर योजना में समतुल्य भूखण्ड आवंटन करने हेतु डुप्लीकेट पत्रावती खोलने की अनुमति कार्यकारी समिति से लने हेतु प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक में रखा जाने वास्ते निर्णयार्थ/अनुमोदर्थ हेतु प्रस्तुत है।

निर्णय

**बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्तावानुसार भूखण्ड संख्या** 109 **सेक्टर–बी, कीर्तिनगर योजना की डुप्लीकेट पत्रावली खोलने का निर्णय लिया गया।**

**प्रस्ताव संख्या 16 :: ग्राम जाजीवाल भाटियान् के खसरा संख्या 58,153 व 157 में व्यावसायिक हाउसिंग/गोदाम योजना के संबंध मे।**

| क्र.स. | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में घोषणा | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में अभिशंषा/प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1 | व्यावसायिक हाउसिंग/गोदाम योजना के संबंध मे | ग्राम जाजीवाल भाटियान् के खसरा संख्या 58,153 व 157 में व्यावसायिक हाउसिंग/गोदाम योजना के संबंध मे |

ग्राम जाजीवाल भाटियान के खसरा संख्या 58,153 व 157 में व्यावसायिक हाउसिंग/गोदाम योजना हेतु।

पटवारी रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि के पश्चिम दिशा में राजस्व रेकर्ड अनुार वाटर बॉडी नही है परन्तु मौके पर दोनो साइडो में सिमेंट के पिलर लगे हुए है। यह कितने व कब लगाये गये मौके पर इसकी जानकारी नही मिली है। आवेदित भूमि पर पाल भी बनी हुई है। जो राजस्व रेकर्ड में दर्ज नही है तथा खसरा संख्या 157 भी उतर में व खसरा सं 58 के बीच खसरा संख्या 153 किस्म गै मु रास्ता राजस्व रेकर्ड में है जो मौके पर वही नही चलकर खसरा संख्या 58 में चल रहा हैं। जहा डामर सड़क का निर्माण हो रखा है।

आयोजना शाखा रिपोर्ट अनुसार "प्रश्नगत भूमि मास्टर प्लान 2031 के अनुसार यू–2 में आरक्षित है। आवेदित भूमि मे से विद्युत लाईन गुजर रही है जिसकी स्थिति की जांच अपेक्षित हैं साथ ही आवेदित क्षेत्र के पश्चिम दिशा में वाटर बॉडी प्रतीत होती है। अतः उक्त के संबंध मं तथा आवेदित भूमि के मध्य अन्य कोई वाटर बॉडी है उक्त के संबंध में टिप्पणी प्राप्त किया जाना अपेक्षित है।" विधि शाखा की रिपोर्ट अनुसार उक्त खसरो पर कोई वाद–विवाद लम्बित नही है।

अतः जाजीवाल भाटियान के खसरा संख्या 58,153 व 157 में रकबा 196.10 बीघा भूमि व्यावसायिक वेयर हाउसिंग/गोदाम योजना को विकसित करने हेतु प्रकरण प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक में रखा जाने वास्ते निर्णयार्थ/अनुमोदर्थ हेतु प्रस्तुत है।

**निर्णय**

**बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्तावानुसार ग्राम जाजीवाल भाटियान के खसरा संख्या 58,153 व 157 में रकबा 196.10 बीघा भूमि पर व्यावसायिक वेयर हाउसिंग/गोदाम योजना को स्वीकृत करने/लांच करने/विकसित करने का निर्णय लिया गया।**

**प्रस्ताव संख्या 17 :: ग्राम मण्डोर के खसरा संख्या 74 में राजकीय महिला आई टी आई मण्डोर जोधपुर के संबंध मे।**

| क्र.स. | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में घोषणा | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में अभिशंषा/प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1 | राजकीय महिला आई टी आई मण्डोर जोधपुर | ग्राम मण्डोर के खसरा संख्या 74 में राजकीय महिला आई टी आई मण्डोर जोधपुर के संबंध मे। |

ग्राम मण्डोर के खसरा संख्या 74 में राजकीय महिला आई टी आई मण्डोर जोधपुर हेतु प्रपत्र 'स' आवेदन प्रस्तुत किया। जिसमे 6.5 एकड भूमि हेतु आवेदन किया गया।

पटवारी रिपोर्ट अनुसार खसरा सं 74 रकबा 235.17 बीघा किस्म गैमु. पहाड़ नगर सुधार न्यास जोधपुर के नाम दर्ज है जो मूल खसरा संख्या है राजस्व रेकर्ड में कोई बट्टा नम्बर नही हैं अतः कोई तरमीम भी नही है। राजस्व जमाबन्दी व नक्शा संलग्न हैं खसरा संख्या 74 पूर्व में आवंटित व प्रस्तावित भूमि का नजरीय नक्शा प्रस्तुत किया गया हैं।

आयोजना शाखा रिपोर्ट अनुसार पटवारी द्वारा चिन्हित लोकेशन का लैण्डयूज मास्टर प्लान 2031 के अनुसार आवेदित भूमि का भू–उपयोग आवासीय भू–उपयोग एवं आंशिक Plantation balt along नाडी/ तलाब में आरक्षित है साथ ही आंशिक स्कूल में आरक्षित हैं। मास्टर प्लान–2031 के DCR FOR RESIDENTIOL LAND USE के अनुसार Government Public utilites are allowed Permissible on all roads & Permissible instituious is allowed on 30m and above road हैं। विधि शाखा की रिपोर्ट अनुसार उक्त खसरो पर कोई वाद–विवाद लम्बित नही है।

अतः ग्राम मण्डोर के खसरा संख्या 74 में राजकीय महिला आई टी आई मण्डोर जोधपुर को 13 बीघा भूमि प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक में आवंटन नीति–2015 के बिन्दू संख्या 9.3 के अनुसार निःशुल्क आवंटन हेतु रखा जाने वास्ते निर्णयार्थ/अनुमोदर्थ हेतु प्रस्तुत है।

**निर्णय**

**बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्तावानुसार, ग्राम मण्डोर के खसरा संख्या 74 में राजकीय महिला आई टी आई मण्डोर, जोधपुर को 13 बीघा भूमि निःशुल्क आवंटन करने का निर्णय लिया गया। प्रकरण प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की निःशुल्क भूमि आवंटन की अभिशंषा के साथ राज्य सरकार को निःशुल्क आवंटन की स्वीकृति हेतु प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।**

**प्रस्ताव संख्या 18 :: खसरा न. 327 व 328 ग्राम सांवत कुआ कलां में जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय को भूमि आवंटन के संबंध मे।**

| क्र.स. | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में घोषणा | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में अभिंशषा /प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजो एवम टिप्पणीयों के अनुसार कोई तथ्य छिपाया नही गया है। | खसरा न. 327 व 328 ग्राम सांवत कुआ कलां में जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय कोभूमि आवंटन |

कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के खसरा संख्या 327, 328 ग्राम सांवत कुआ कलां में 827.12 बीघा भूमि आवंटन हेतु राज्य सरकार की पत्र क्रमांक प.1(94)नविवि/जोविप्रा/2019 जयपुर दिनांक 20.07.2021 के द्वारा भूमि आवंटन नीति–2015 में वर्णित सीमा से अधिक भूमि दिए जाने संबंधी विवरण प्रपत्र स सहित चाहा गया है।

कुल सचिव, कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर द्वारा दिनांक 16.11.2021 को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर संस्था द्वारा विभिन्न श्रैणी अनुसार भूमि की मांग की गई है।

इस संबंध में दिनांक 16.11.2021 को कुलपति कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर व राजिस्ट्रार, कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के साथ आयुक्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर के साथ हुई बैठक में आई. सी.ए.आर के प्रावधानो के अन्तर्गत कृषि विश्वविद्यालय हेतु भूमि की आवश्यकता के आधार पर 108 हेक्टेयर भूमि आवंटन किये जाने के संबंध में कुलपति कृषि विश्वविद्यालय द्वारा सहमति व्यक्त की गई।

प्राधिकरण द्वारा पूर्व में कृषि विश्वविद्यालय हेतु भूमि आवंटन कीमत का निर्धारण प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक 18.10.2019 के निर्णय के अनुसार आरक्षित दर 1452/– प्रतिवर्गमीटर से किया गया था एवं तदानुसार आरक्षित दर के अनुसार आवंटन प्रकरण प्रेषित किया गया था। विधि शाखा रिपोर्ट अनुसार उक्त खसरे में कोई वाद विवाद नही है।

आवंटन नीति–2015 के बिन्दु संख्या 5.4 में राज्य सरकार के आदेश दिनांक 30.6.2021 से किये गये संशोधन के अनुसार अविकसित भूमि का आवंटन डीएलसी दर +20 प्रतिशत प्रशासनिक शुल्क से गणना कर आवंटन कीमत निर्धारण का अंकन किया गया है। आवंटन नीति– 2015 में संशोधन के अनुसार प्रश्नगत प्रकरण में प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की आगामी बैठक में अनुमोदन की प्रत्याशा में आवंटन कीमत का निर्धारण डीएलसी+20 प्रतिशत से गणना करने पर आवंटन कीमत राशि 12,04,35,534/– बनती है।

अतः उक्तानुसार कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर को 108 हेक्टेयर भूमि आवंटन हेतु प्रकरण आगामी कार्यकारी समिति की बैठक की प्रत्याशा में आवंटन संबंधी अग्रिम कार्यवाही हेतु राज्य सरकार को प्रेषित किया गया है।

अतः कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के खसरा संख्या 327, 328 ग्राम सांवत कुआ कलां में 827.12 बीघा भूमि आवंटन हेतु 108 हेक्टेयर भूमि आवंटन का प्रकरण प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक में अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

## निर्णय

**बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्तावानुसार कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर को खसरा संख्या 327, 328 ग्राम सांवत कुआ कलां में 108 हेक्टेयर भूमि आवंटन के संबंध में प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रेषित किये गये जाने का अनुमोदन करने का निर्णय लिया तथा राज्य सरकार से इस संबंध में प्राप्त स्वीकृति के कम में कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर को खसरा संख्या 327, 328 ग्राम सांवत कुआ कलां में 108 हेक्टेयर भूमि आवंटन करने निर्णय लिया गया।**

**प्रस्ताव संख्या 19 :: ग्राम करवड़ में FINTECH DIGITAL UNIVERSITY हेतु खसरा न. 453 व 426 में भूमि आवंटन हेतु।**

| क्र. स. | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में घोषणा | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में अभिंशषा /प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजो एवम टिप्पणीयों के अनुसार कोई तथ्य छिपाया नही गया है। | ग्राम करवड़ में FINTECH DIGITAL UNIVERSITY हेतु खसरा न. 453 व 426 में भूमि आवंटन हेतु |

सूचना प्रोद्योगिकी और सचार विभाग द्वारा द्वारा आवंटन नीति–2015 के अनुरूप प्रपत्र "स" में आवेदन पेश कर जोधपुर में ग्राम करवड़ के खसरा संख्या 453 में से 61 बीघा व 426 मे से 5 बीघा भूमि किस्म बारानी चतुर्थ में FINTECH DIGITAL UNIVERSITY हेतु 66 बीघा भूमि आवंटन की मांग की गई है।

ग्राम करवड़ में FINTECH DIGITAL UNIVERSITY हेतु खसरा न. 453 व 426 भूमि किस्म बारानी चतुर्थ जो जोधपुर विकास प्राधिकरण के नाम दर्ज है।

आयोजना शाखा रिपोर्ट अनुसार मास्टर प्लान 2031 के अनुसार Mixed & knowledge city मे स्थिति उक्त भूमि मास्टर प्लान की 90 M outer ring रोड़ पर स्थित है एवं उक्त सड़क पर दोनो तरफ 100 – 100 फीट प्लान्टेनसन बैल्ट का प्रावधान हैं। मास्टर प्लान 2031 की रिपोर्ट अनुसार डी सी आर में Mixed land use & DCR OF knowledge city में 30 M व अधिक मार्गाधिकार पर UNIVERSITY COLLEGE PROPESSIONAL INSTITUTION अनुज्ञेय है। विधि शाखा रिपोर्ट अनुसार उक्त खसरे में कोई वाद विवाद नही है। उक्त खसरे में आम सूचना का दिनांक 12.11.2021 को प्रकाशित करवा दी गई है।

सयुंक्त शासन सचिव –प्रथम नगरीय विकास विभाग के पत्र क्रमांक एफ3/(55)नविवि/3/2002 पार्ट दिनांक 26.11.2020 के आदेशानुसार भूमि आवंटन नीति–2015 के अन्तर्गत राजस्थान के नगरीय निकायो (विकास प्राधिकरणो, आवासन मण्डल, नगर सुधार न्यासो, नगर निगमों/परिषदो /मण्डलों) को निर्देशो दिये जाते है कि किसी भी संस्था को या चाहे व सरकारी हो या अर्द्धसरकारी हो या चेरीटेबल ट्रस्ट हो, को कोई भूमि राज्य सरकार की पूर्व अनुमति के बिना आवंटित नही की जावे चाहे व आवंटन कीमतन हो या रियायती दर पर हो, प्रत्येक प्रकरण में राज्य सरकार की पूर्व अनुमति आवश्यक रूप से प्राप्त की जावे।

आवंटन नीति–2015 के बिन्दु संख्या 5.4 में राज्य सरकार के आदेश दिनांक 30.6.2021 से किये गये संशोधन के अनुसार अविकसित भूमि का आवंटन डीएलसी दर +20 प्रतिशत प्रशासनिक शुल्क से

गणना कर आवंटन कीमत निर्धारण का अंकन किया गया है। प्रश्नगत प्रकरण में प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की आगामी बैठक में अनुमोदन की प्रत्याशा में आवंटन कीमत का निर्धारण डीएलसी+20 प्रतिशत से गणना करने पर आवंटन कीमत राशि 57586948/— बनती है।

अतः बजट घोषणा वर्ष 2021—22 के (बिन्दू सं 47) में प्रकरण जोधपुर विकास प्रधिकरण जोधपुर की कार्यकारी समिति की बैठक में अनुमोदन की प्रत्याशा में राज्य सरकार के समक्ष राजस्व ग्राम करवड़ के खसरा संख्या 453 में से 61 बीघा व 426 मे से 5 बीघा में किस्म बारानी चतुर्थ इस प्रकार कुल 66 बीघा भूमि में FINTECH DIGITAL UNIVERSITY हेतु निःशुल्क आवंटन की स्वीकृति हेतु प्रेषित किया गया है।

अतः FINTECH DIGITAL UNIVERSITY हेतु ग्राम करवड़ के खसरा संख्या 453 में से 61 बीघा व 426 मे से 5 बीघा भूमि किस्म बारानी चतुर्थ मे कुल 66 बीघा भूमि निःशुल्क आवंटन का प्रकरण प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक में अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

### निर्णय

**बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्तावानुसार FINTECH DIGITAL UNIVERSITY हेतु ग्राम करवड़ के खसरा संख्या 453 में से 61 बीघा व 426 मे से 5 बीघा कुल रकबा 66 बीघा भूमि किस्म बारानी चतुर्थ निःशुल्क आवंटन करने हेतु प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की स्वीकृति की प्रत्याशा में राज्य सरकार को प्रेषित किये गये प्रस्ताव का अनुंमोदन करने निर्णय लिया गया।**

**प्रस्ताव संख्या 20 :: भूखण्ड संख्या 163, 164, 167 व अन्य भूखण्ड सेक्टर ए मामा अचलेश्वर प्रसाद नगर योजना को अन्य भूखण्ड आवंटित करने के संबंध में।**

| क्रं.स. | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के सम्बन्ध में घोषणा | प्रभारी अधिकारी के एजेण्डा के सम्बन्ध |
|---|---|---|
| 01. | प्राधिकरण की मामा अचलेश्वर प्रसाद नगर योजना के संशोधित मानचित्र अनुसार समान माप के रिक्त भूखण्ड आवंटन किया जाना प्रस्तावित है। | प्राधिकरण की मामा अचलेश्वर प्रसाद नगर योजना के भूखण्ड संख्या 163, 164, 167 व अन्य भूखण्ड सेक्टर ए में मौके पर पुराने अतिक्रमण होने के कारण उक्त भूखण्डों का कब्जा दिया जाना संभव नही है। मामा अचलेश्वर प्रसाद नगर योजना के संशोधित मानचित्र अनुसार समान माप के रिक्त भूखण्ड आवंटन किया जाना उचित प्रस्तावित है। |

प्राधिकरण की मामा अचलेश्वर प्रसाद नगर योजना के भूखण्ड संख्या 163, 164 व 167 सेक्टर ए में मौके पर पुराने अतिक्रमण होने के कारण उक्त भूखण्डों का कब्जा दिया जाना संभव नही है। उक्त भूखण्डों के आवंटियों द्वारा प्राधिकरण कार्यालय में उपस्थित होकर प्रश्नगत भूखण्ड के एवज में इसी योजना मे समान माप का रिक्त भूखण्ड आवंटन करने का निवेदन किया गया है, इसके अतिरिक्त भी कुछ भूखण्डों पर पुराने अतिक्रमण होने के कारण उनको भी इसी योजना मे वर्तमान में संशोधित मानचित्र अनुसार समान माप का रिक्त भूखण्ड आवंटन किया जाना उचित होगा। पत्रावली कार्यकारी समिति के विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत हैं।

### निर्णय

**बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्ताव का विस्तृत परीक्षण कर सडक में जाने वाले भूखण्डों एवं अतिकमित भूखण्डों के बदले शिफ्टिंग के संबंध में कम्प्रीहैसिंव प्लान बनाकर आगामी बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।**

**प्रस्ताव संख्या 21 :: ग्राम सालावास के खसरा संख्या 95 व 96 में प्राधिकरण की भूमि पर औद्योगिक प्रयोजनार्थ योजना विकसित करने के संबंध में।**

| क्र. स. | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में घोषणा | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबधं में अभिशंषा/प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेज/टिप्पणियों के अनुसार कोई तथ्य छुपाया नही गया है। | ग्राम सालावास के खसरा संख्या 95 व 96 में प्राधिकरण की भूमि पर औद्योगिक प्रयोजनार्थ योजना विकसित करने की अभिशंषा की गई है। |

ग्राम सालावास के खसरा संख्या 95 व 96 के आस पास औद्योगिक इकाईया स्थापित है। जिसके कारण माफियाओं द्वारा खसरा सख्या 95 व 96 की प्राधिकरण की बेशकीमती जमीन को खुर्द-बुर्द कर अतिक्रमण किया जा रहा है। जिसके कारण प्राधिकरण द्वारा आस पास के औद्योगिक क्षेत्र को देखते हुये तथा मास्टर प्लान में उक्त भूमि औद्योगिक प्रयोजनार्थ आरक्षित होने से उक्त भूमि पर प्राधिकरण द्वारा औद्योगिक योजना (उद्योग विहार) विकसित की जानी प्रस्तावित है।

प्राधिकरण की जोन राजस्व टीम की मौका रिपोर्ट अनुसार ग्राम सालावास के खसरा संख्या 95 व 96 राजस्व रेकर्ड में प्राधिकरण के नाम दर्ज है।

प्राधिकरण की ले-आउट प्लान अनुमोदन समिति की बैठक दिनांक 02.07.2021 के एजेण्डा सख्या 45 में राजस्व ग्राम सालावास के खसरा सख्या 95 व 96 में औद्योगिक योजना (उद्योग विहार) विकसित किये जाने हेतु मुख्य रूप से 50 ग 100 मीटर एवं 25 ग 50 मीटर के औद्योगिक भूखण्ड तथा अन्य व्यवसायिक व आवासीय भूखण्ड नियोजित किये गये है। साथ ही नियमानुसार सुविधा क्षेत्र तथा पार्क एवं खुले क्षेत्र का प्रावधान किया गया है। बाद विचार-विमर्श उक्त औद्योगिक योजना को प्रस्ताव अनुसार अनुमोदित किये जाने का निर्णय लिया गया।

The Rajasthan Improvement Trust (Disposal of Urban land Rules) 1974 के नियम 15 के अनुसार व्यावसायिक प्रकृति की भूमि का निस्तारण सार्वजनिक नीलामी द्वारा किये जाने का प्रावधान है परन्तु माननीय मंत्री महोदय नगरीय विकास विभाग राजस्थान सरकार के दिनांक 24 व 25 जुलाई 2021 को जोधपुर प्रवास के दौरान आयोजित समीक्षा बैठक में भी योजना के भूखण्डों का आवंटन लॉटरी पद्वति से किये जाने के निर्देश प्रदत्त किये गये है।

जिसके संबंध में प्राधिकरण के पत्र क्रमांक 1071 दिनांक 01.12.2021 के द्वारा उक्त योजना में भूखण्डों का आवंटन लॉटरी पद्वति से किये जाने की स्वीकृति हेतु पत्र राज्य सरकार को प्रेषित किया गया है। जिसके प्रतिउत्तर में संयुक्त शासन सचिव-द्वितीय नगरीय विकास विभाग के पत्र क्रमांक प. 1(67)नविवि/जोधपुर/2021 दिनांक 13 दिसम्बर 2021 के द्वारा उक्त योजना के समस्त भूखण्डों का आवंटन सार्वजनिक निलामी के स्थान पर निर्धारित आवंटन दर पर लॉटरी के माध्यम से किये जाने की स्वीकृति प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक में अनुमोदन की प्रत्याशा में जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर के स्तर पर सुनिश्चित किये जाने की शर्त पर एतदद्वारा प्रदान की गई है।

दिनांक 14.12.2021 को सचिव महोदय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उक्त योजना की रिजर्व प्राईज 10,000/- रूपये प्रतिवर्गमीटर अनुमोदित की गई है।

अतः उद्योग नगर योजना में भूखण्डों का आवंटन सार्वजनिक निलामी के स्थान पर निर्धारित आवंटन दर पर लॉटरी के माध्यम से किये जाने हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति की बैठक के समक्ष अवलोकनार्थ एवं उचित निर्णयार्थ पेश है।

निर्णय

**बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए प्रस्तावानुसार योजना स्वीकृत/लांच/विकसित करने तथा भूखण्डों का निस्तारण लॉटरी के माध्यम से किये जाने का निर्णय लिया गया।**

**प्रस्ताव संख्या 22 :: ग्राम नंदवान के खसरा संख्या 569 में प्राधिकरण की भूमि पर औद्योगिक योजना विकसित करने के संबंध में।**

| क. स. | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में घोषणा | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबधं में अभिशंषा/प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेज/ टिप्पणियों के अनुसार कोई तथ्य छुपाया नही गया है। | ग्राम नंदवान के खसरा संख्या 569 में प्राधिकरण की भूमि पर औद्योगिक योजना विकसित करने की अभिशंषा की गई है। |

प्राधिकरण द्वारा सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगो की आवश्यकताओं के देखते हुये प्राधिकरण क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम नंदवान के खसरा संख्या 569 रकबा 450655.87 वर्गमीटर भूमि पर सुक्ष्म, लघु व मध्यम औद्योगिक योजना (MSME योजना) विकसित करने की निर्णय लिया गया है।

प्राधिकरण की जोन राजस्व टीम की मौका रिपोर्ट अनुसार ग्राम नंदवान के खसरा संख्या 569 राजस्व रेकर्ड में प्राधिकरण के नाम दर्ज है।

